Seventeenth Loksabha

an>

Title: Regarding alleged irregularities in implementation of Jal Jeevan Mission in Rajasthan

श्री अर्जुन लाल मीणा (उदयपुर): सभापति महोदय, मैं जल जीवन मिशन योजना के तहत राजस्थान और मेरे लोकसभा क्षेत्र उदयपुर (राजस्थान) में हो रही अनियमितताओं की तरफ सरकार का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूँ।

सरकार ने प्रधानमंत्री जल जीवन मिशन योजना शुरू की है, परंतु इस योजना का फायदा आम आदमी को नही मिल रहा है। मेरे लोकसभा क्षेत्र उदयपुर में स्वयं मेरे द्वारा गोद लिए गए, सांसद आदर्श ग्राम ढेलाना में मैंने पाया कि वहाँ घटिया क्वालिटी की पाइपलाइन बिछा दी गई है, जिससे कई पाइपलाइनों से पानी लिकेज होकर व्यर्थ बह रहा है एवं कई कनेक्शंस आधे-अधूरे पड़े हैं।

वेंडर एप्रूव्ड करने के लिए जो मापदंड बने हुए हैं, उनको ताक में रखकर अवैध तरीके से वेंडर एप्रूव्ड कर रहे हैं। कंपनी से ही पी.डी.पी.ई. पाइप और अन्य सामान के सैम्पल सीधे टेस्टिंग लैब में न भेज कर अवैध तरीके से पास कर दिया जाता है और घटिया पाइप लगाकर भुगतान कर दिया जाता है। इन सभी तथ्यों को ध्यान में रखकर मैं भारत सरकार से माँग करता हूँ कि राजस्थान और मेरे लोक सभा क्षेत्र उदयपुर में प्रधानमंत्री जल जीवन मिशन योजना के अंतर्गत चल रहे कार्यों की जाँच स्वतंत्र एवं निष्पक्ष केन्द्रीय एजेंसी से करवाने का श्रम करावें।